राजकीय महाविद्यालय पुष्कर

‘हुनर’

कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित

राजकीय महाविद्यालय, पुष्कर में आज दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना, IQAC तथा प्लेसमेंट सैल के सयुंक्त तत्वावधान में ‘हुनर’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य, प्रो0 (डॉ.) शमा खान के स्वागत उद्बोधन द्वारा हुआ, जिसमें हुनर कार्यक्रम मैनेजर, मिताली धर एवं कार्यक्रम की सीनियर फैकल्टी, आशा राठौड़ का परिचय देते हुए उन्हें राजकीय महाविद्यालय, पुष्कर को इस वर्कशॉप के आयोजन हेतु चिन्हित करने का धन्यवाद दिया गया।

हुनर कार्यक्रम मैनेजर, मिताली धर ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए विद्यार्थियों को सभी कोर्सेस की जानकारी प्रदान की तथा साथ ही tie-dye, Jwellery Making and Garment Designing जैसे विभिन्न कला कौशल का क्रियात्मक प्रदर्शन कर इनके बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में बाहर से पधारे विशिष्ट अतिथिगण प्रो0 विनय कुमार, डॉ0 जितेन्द्र मारोठिया तथा डॉ0 निधि यादव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, डॉ0 रश्मि भटनागर द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।